प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर—अजमेर

दिनांकः 12.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज अपने दौसा प्रवास पर पंहुचे। उन्होंने जिला कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली। श्री बागड़े ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लोगों तक पंहुचाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। राज्यपाल को दौसा कलेक्ट्रेट पंहुचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इससे पहले उन्होंने करौली के मदन मोहन जी मंदिर में दर्शन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक दांडी मार्च में भाग लेने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर आज एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में दांडी मार्च ने आत्मनिर्भरता और स्वतंत्रता के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मार्च में भाग लेने वाले सभी लोगों का साहस, बलिदान और सत्य तथा अहिंसा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

00000

प्रदेश में होली पर्व को लेकर उल्लास का माहौल है। जगह—जगह फागोत्सव और होली महोत्सव के आयोजनों का सिलसिला जारी है। पुष्कर में कल से पर्यटन विभाग की ओर से दो दिन का अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव शुरू होगा। इस दौरान मेला मैदान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। इसमें बृज की होली थीम पर प्रस्तुतियां होंगी। धुलंडी पर मैदान में सामूहिक होली खेली जायेगी। वहीं कल जयपुर के सांगानेर में फागोत्सव आयोजित किया जायेगा। इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगे। इस दौरान चंग की थाप और बांसुरी की धुन पर होली के पारम्परिक गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। पाली के द्वारकाधीश मंदिर में कल से होली मेले की शुरूआत होगी। इस बीच धुलंडी और जुम्मे का रोजा एक ही दिन होने के कारण विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखने की अपील की जा रही है। इसके साथ ही त्यौहार पर किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जयपुर के एसएमएस अस्पताल में विशेष इंतजाम किए गए है। ट्रोमा और इमरजेंसी विभाग में 24 घंटे डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं होली त्यौहार के मद्देनजर रेल्वे की ओर से विशेष रेलगाडियों का संचालन भी किया जा रहा है।

00000

सीकर के खाटूश्याम में चल रहा लक्खी मेला कल सम्पन्न हो गया। मेले में बड़ी संख्या में देशभर से पंहुचे श्रद्धालुओं का लौटना शुरू हो गया है। इस बीच खाटूश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री श्याम सिंह चौहान ने बताया कि मंदिर के पट 13 से 15 मार्च तक बंद रहेंगे। 14 मार्च को होली पर्व पर भगवान की विशेष सेवा—पूजा और 15 मार्च को तिलक किया जायेगा। ऐसे में 13 मार्च की रात 10 बजे से 15 मार्च की शाम पांच बजे तक दर्शन बंद रहेंगे।

00000

प्रदेश में गर्मी ने अभी से अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटों में ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 35 डिग्री सैल्सियस के ऊपर दर्ज हुआ। अधिकांश जगहों पर पारा सामान्य से 4 से 8 डिग्री सैल्सियस ऊपर पंहुच गया है। वहीं रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। ये 15 से 20 डिग्री सैल्सियस के बीच बना हुआ है। कल 41 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहा। ये सामान्य से 7 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस अधिक तापमान है। बाडमेर में दिनभर लोग तेज धूप और उमस से परेशान रहे। मौसम विभाग ने भी बाडमेर और जालौर में गर्मी का यलो एलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कल से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से कहीं—कहीं हल्की बारिश की संभावना है। वहीं 14 और 15 मार्च को जयपुर, कोटा, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं—कहीं हल्की बरसात हो सकती है। इस बीच गर्मी में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सा और

स्वास्थ्य विभाग ने भी जरूरी तैयारियां शुरू कर दी हैं। आने वाले समय में भीषण गर्मी और लू की आशंका को देखते हुए अस्पतालों में सभी माकूल इंतजाम किये जा रहे हैं।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

0000